आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 24.10.2024
समय 1305

**मुख्य समाचार :-**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – भूमि और मातृशक्ति की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार ने कड़े कानूनी प्रावधान किए हैं।
- शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने प्रदेश में प्राथमिक शिक्षकों की कमी को दूर करना सरकार का लक्ष्य बताया।
- शासन ने राज्य कर्मियों, पेंशन और पारिवारिक पेंशनरों को दीपावली से पूर्व वेतन और पेंशन भुगतान की स्वीकृति दी।
- उत्तरकाशी जिले में एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम से युक्त दो एंबुलेंस तैनात की जाएंगी।

**कानूनी प्रावधान**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य की भूमि के साथ ही मातृशक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कड़े कानूनी प्रावधान किए हैं। देहरादून में एक निजी चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि कड़े कानूनों के चलते उत्तराखंड में कोई भी व्यक्ति धोखाधड़ी और अपराध करने की हिम्मत नहीं कर पाएगा। श्री धामी ने कहा कि सख्त नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण रोकथाम कानून, समान नागरिक संहिता, सरकारी नौकरी में महिला आरक्षण जैसे वैधानिक प्रावधानों के माध्यम से सरकार ने सभी को एकसमान कानून की परिधि में लाते हुए सुशासन व्यवस्था स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया है।

राज्य के विकास पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को आगे बढ़ाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है, जिनकी अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने सराहना की है।

## अपील

प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने जनता से अपील की है कि वे अपने आसपास के शिक्षक विहीन अथवा शिक्षकों की कमी वाले प्राथमिक विद्यालयों की सूचना संबंधित जिले के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दें। उन्होंने कहा कि इससे विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करने में मदद मिलेगी। डॉक्टर रावत ने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्राथमिक स्तर पर शिक्षकों की कमी को दूर कर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को उन्नत बनाकर नौनिहालों को बेहतर शैक्षिक माहौल उपलब्ध कराना है।

## कार्यशाला

सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने दिव्यांगजनों के अधिकारों के प्रति मीडिया के जागरूक होने पर जोर दिया है। राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, देहरादून में आयोजित कार्यशाला में उन्होंने कहा कि समाज में मीडिया की भूमिका जन जागरूकता के साथ ही लोगों के विचारों को आकार देने में भी अहम है। कार्यशाला में वक्ताओं ने दिव्यांगजनों के प्रति जन जागरूकता और संवेदनशीलता को नए सिरे से समझने का प्रयास किया। भारतीय सूचना सेवा के कमल प्रजापति जो स्वयं दृष्टिदिव्यांग है,उन्होंने मीडिया सेक्टर में अपने कार्य अनुभवों को साझा किया।

## किसान मेले

हरिद्वार के ऋषिकुल मैदान में कल से तीन दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में शामिल होने वाले किसानों को उन्नत खेती और उनके उत्पादों के प्रचार–प्रसार के संबंध में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। किसान मेले का उद्देश्य कृषकों के उत्पादों को सीधे लोगों तक पहुंचाना और उनकी आय को बढाना है।

## राज्य खेल एवं युवा

राज्य की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्य ने देहरादून के पवेलियन ग्राउंड में '5 साइड ओपन हॉकी एस्ट्रोटर्फ' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड अब देवभूमि के साथ खेल भूमि कहलाने की ओर अग्रसर है। खेल मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के लिए प्रदेश में लगने वाले शिविरों में खिलाड़ी विभिन्न सुविधाओं का लाभ लेकर अपनी कुशलता को विकसित कर सकेंगे और प्रदेश के लिए पदक जीतने का प्रयास करेंगे। श्रीमती आर्या ने राज्य के खिलाड़ियों से कड़ी मेहनत कर 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के लिए पदक जीतने का आह्वान किया।

## राज्य कर्मियों

राज्य कर्मियों, पेंशन और पारिवारिक पेंशनरों को दीपावली से पूर्व वेतन तथा पेंशन भुगतान के लिए शासन ने की स्वीकृति दे दी है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सभी विभागाध्यक्षों, जिलाधिकारियों, निदेशक कोषागार पेंशन और हकदारी सहित सभी वरिष्ठ कोषाधिकारियों को निर्देशित करते हुए शासनादेश जारी किया है। शासनादेश में पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों को अक्टूबर माह की पेंशन का भुगतान 30 अक्टूबर से पहले करने को कहा गया है।

## पुलिस महानिदेशक

पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने पुलिस पेंशनर्स के लिए थाना स्तर व्हाट्सएप ग्रुप और चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए अलग सेल बनाने के निर्देश दिये हैं। पुलिस मुख्यालय में सेवानिवृत पुलिसकर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए हुई पुलिस पेंशनर्स कल्याण समिति की गोष्ठी  में श्री कुमार ने सभी जिलों के प्रभारियों को मृत पुलिस कर्मियों की आश्रित महिलाओं के कल्याण के लिए विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिला वाहिनियों, इकाइयों और शाखाओं से सेवानिवृत्त हो रहे प्रत्येक पुलिसकर्मी को पुलिस पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तराखंड का सदस्य बनाने को भी कहा है।

## धनराशि जारी

उत्तरकाशी जिले में एडवांस लाईफ सपोर्ट सिस्टम से लैस दो एंबुलेंस तैनात की जाएंगी। इनमें से एक एंबुलेंस गंगा घाटी और दूसरी यमुना घाटी में तैनात की जाएगी। इसके लिए जिला खनिज फाउंडेशन न्यास से अस्सी लाख रूपये की धनराशि जारी कर दी गई है। जिलाधिकारी डॉक्टर मेहरबान सिंह बिष्ट ने मुख्य चिकित्साधिकारी को दस दिनों के भीतर इन एंबुलेंस की खरीद से संबंधित प्रक्रिया पूरी कर इनका संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जिले में नवोदित खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए भी बीस लाख दो हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिला क्रीड़ा अधिकारी को आवंटित इस धनराशि से स्पोर्ट हॉस्टल मनेरा के लिए 24 सीटर मिनी बस खरीदी जाएगी। इस बस का उपयोग खेलकूद गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के आवागमन के लिए किया जाएगा।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कडी होगी।

श्रोता इस कार्यक्रम से संबंधित अपने सुझाव टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। माइगॉव, नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। यह सुझाव 25 अक्तूबर तक भेजे जा सकते हैं।

कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर किया जाएगा।

## रेडियो विज्ञान

नैनीताल स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान अनुसंधान संस्थान में छठे क्षेत्रीय रेडियो विज्ञान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन रेडियो विज्ञान के विभिन्न पहलुओं और इसके अनुप्रयोगों पर केंद्रित है। सम्मेलन में रेडियो तरंगों के वाई–फाई नेटवर्क, संचार उपग्रह और चिकित्सा विज्ञान के अलावा, प्लाज्मा भौतिकी, खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञान में इनके महत्वपूर्ण योगदान पर चर्चा की जा रही है।

## बैठक

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल रात अमरीका के वाशिंगटन डीसी में विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठक से इतर आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे पर गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की। वित्त मंत्रालय ने बताया कि बैठक में श्रीमती सीतारामन ने बुनियादी ढांचे और इसके सहयोग से संचालित महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए जलवायु–परिवर्तन के कारण विकास लाभ कम होने के खतरे पर बल दिया। बैठक के दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण निवेशों से समझौता किए बिना देशों से ऋण दायित्वों को पूरा करने में मदद करने के लिए चर्चा का आह्वान किया।

## जल जीवन मिशन

हरिद्वार के जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने अधिकारियों को जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले में शेष 14 हजार 4 सौ 60 घरों तक जल्द घरेलू नल कनेक्शन पहुंचाने को कहा है। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के कार्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न स्थान में खोदी गई सड़कों को भी शीघ्रता से ठीक करने के निर्देश दिए, ताकि आम लोगों को आवाजाही करने में परेशानियों का सामना न करना पड़े।